प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–18.09.2023 (सं0–405)

बिहार पुलिस में पुलिस अवर निरीक्षक के 1288 पदों पर सीधी नियुक्ति

- बिहार पुलिस को सुदृढ़ करने तथा जनसंख्या के अनुपात में संख्या बल की पूर्ति करने हेतु निरन्तर बिहार पुलिस में विभिन्न कोटियों में नियुक्ति की जा रही है। नियुक्ति से बिहार पुलिस सुदृढ़ हो रही है साथ ही राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।
- पुलिस मुख्यालय के ज्ञापांक 305, दिनांक 06.06.2023 के द्वारा 21391 सिपाहियों की नियुक्ति हेतु केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) को भेजी गयी अधियाचना के आलोक में निर्गत विज्ञापन संख्या 01/2023 के द्वारा नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।
- बिहार पुलिस में पुलिस अवर निरीक्षक के 1288 पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु गृह विभाग (आरक्षी शाखा) के पत्रांक 11117, दिनांक 13.09.2023 द्वारा प्राप्त रोस्टर क्लियरेन्स के आधार पर 1288 पदों पर पुलिस अवर निरीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी, जिसमें 455 पदों पर (35 प्रतिशत) महिलाओं की नियुक्ति की जाएगी।
- यह उल्लेखनीय है कि 1288 पदों में से 1 प्रतिशत (कुल 13) पदों पर खेल कूद कोटा के अन्तर्गत नियुक्ति होगी।
- शेष 1275 पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचना बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग को भेजी जा रही है।
- इस प्रकार सीधी नियुक्ति के **सिपाही पदों (कुल 21,391) एवं पुलिस अवर निरीक्षक पदों (कुल 1,275)** पर शीघ्र नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण हो सकेगी।

XXXXXX